प्रोफेशनल प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण शिविर का प्रारम्भ

अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ के सभागार में दिनांक 03–04–2017 से जिला रेड क्रास सोसायटी फरीदाबाद और सेंट जोन एम्बुलेंस एसोसिएशन फरीदाबाद के सहयोग से सात दिवसीय प्रोफेशनल प्राथमिक चिकित्सा शिविर का आयोजन हुआ I इस शिविर में महाविद्यालय की युवा रेड क्रास की तीनों इकाइयों के 30 चयनित स्वयंसेवक भाग ले रहे हैं I रेड क्रॉस के आजीवन सदस्य व सेंट जोन एम्बुलेंस फरीदाबाद के प्रशिक्षक डॉ. एम.पी.सिंह ने बताया कि इस शिविर का मुख्य उद्देश्य युवा रेड क्रॉस के सभी स्वयंसेवकों को विशेष परिस्थितियों में प्राथमिक चिकित्सा सहायता की जानकारी देना है I सात दिनों तक चलने वाले इस शिविर में रक्त की जानकारी, रक्तदान, नेत्रदान को प्रोत्साहन, हड्डियों के टूटने पर उसका उपचार, प्रयोग होने वाली विभिन्न पट्टियों, जलने का उपचार, डूबने का उपचार, घटना स्थल से घायल व बेहोश व्यक्ति को कैसे उठाना है और किस विधि से हस्पताल पहुँचाना है तथा सांप, बन्दर, बिच्छु व कुत्ते के काटने और जहर फलने पर प्राथमिक उपचार जैसी विभिन्न जानकारियां दी जाएगी I महाविद्यालय के युवा रेड क्रॉस मुख्य संयोजक डॉ. जयपाल सिंह ने मंच संचालन करते हुए रेड क्रॉस के गठन, उद्देश्य और युवा रेड क्रॉस द्वारा आयोजित की जा रही विभिन्न गतिविधियों पर प्रकाश डाला और जानकारी दी की यह शिविर दिनांक 09–04–2017 तक चलेगा I जिसमें सफल स्वयंसेवकों को परीक्षा उपरान्त प्रमाणपत्र प्रदान किये जायेंगे I इस अवसर पर युवा रेड क्रॉस इकाई द्वितीय व तृतीय के काउंसलर डॉ. विनोद राठी व डॉ. उषा चौधरी भी उपस्थित थे I